कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री शमीम अहमद पुत्र श्री मौहम्मद अकबर सदर चौक नागौरी मौहल्ला दौसा।

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, नायब तहसीलदार सिकन्दरा, जिला दौसा।

अपील सं0 33/2020

निर्णय दिनांक : 16.09.2020

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, नायब तहसीलदार सिकन्दरा, जिला दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वॉछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, नायब तहसीलदार सिकन्दरा, जिला दौसा को प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना एवं संलग्नक की छाया प्रति पत्रांकः डी0एम0 /कोर्ट /आरटीआई/2020/1398 दिनांक 17.08.2020 एवं स्मरण पत्रांक डी0एम0 /कोर्ट /आरटीआई/2020/1593 दिनांक 02.09.2020 द्वारा प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी, नायब तहसीलदार सिकन्दरा, जिला दौसा ने अपने पत्रांक राजस्व/2020/225 दिनांक 27.08..2020 के द्वारा अवगत करवाते हुए पृष्ठांकित प्रति आवेदक को प्रेषित की है। उक्त पत्रांक 225 दिनांक 27.08.2020 की छायाप्रति पत्रावली मे संलग्न है। इससे यह स्पष्ट होता है कि आवेदक द्वारा चाही गई सूचना की वस्तुस्थिति से आवेदक को अवगत करवा दिया गया है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट चलने योग्य नहीं है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो।

(पीयुष समारिया)
जिला कलक्टर, दौसा
जिला कलेक्टर,दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official